तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

11 विधायक भेड़िया ने सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



12 भूपेश पहुंचे कुसुमकसा, व्यापारी संघ ने किया भव्य ...





## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# जिले में डिजिटल सिग्नेचर के नाम पर लाखों की लूट, उच्च-स्तरीय जांच की मांग

## शिक्षक संघ ने लगाया प्रति स्कूल 3 हजार की दर से पैसे वसूलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

बालोद जिले के स्कूलों से डिजिटल सिग्नेचर के नाम पर लगभग लाखों के कथित बंदरबांट की शिकायत करते हुए उच्च-स्तरीय जांच की मांग की गई है। आरोप है कि विकास खंड स्त्रोत समन्वयक और रायपुर की डिजिटल सिग्नेचर प्रोवाइडर कंपनी ने मिलकर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है।

शिकायत के अनुसार, समग्र शिक्षा के विकास खंड स्त्रोत समन्वयकों ने शिविर आयोजित कर प्रत्येक शाला प्रमुख और एक शिक्षक को 3 हजार रुपए जमा कराकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का फरमान जारी किया था। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने उच्च कार्यालयों से जानकारी ली, तो पता चला कि विभाग द्वारा ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया था, और न ही किसी डिजिटल सिग्नेचर प्रोवाइडर को अधिकृत किया गया था। आरोप है कि बालोद जिले की 1,580 शालाओं से प्रति शाला 3 हजार की दर से पैसे वसूले गए, जबकि डिजिटल सिग्नेचर की उपयोगिता केवल बड़े कार्यालयों के लिए होती है, न कि प्राथमिक या पूर्व माध्यमिक स्कूलों के लिए। पिछले चार वर्षों में किसी भी संस्था ने इन डिजिटल सिग्नेचर का उपयोग नहीं किया है, और अब प्राप्त किए गए पेन ड्राइव भी अनुपयोगी हो गए हैं।



### जिला मिशन समन्वयक ने दी सफाई

डिजिटल सिग्नेचर प्रोवाइडर द्वारा एक फर्जी दिखाई देने वाली कोरी पावती (टेक्स इनवाइस के नाम पर) दी गई, जिसमें स्कूल का नाम और तारीख भी नहीं लिखी थी। इस संबंध में अनुराग त्रिवेदी, जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जिला बालोद ने हरिभूमि को बताया कि डिजिटल सिग्नेचर बनाने का आदेश राज्य शासन के निर्देशानुसार जारी हुआ था और ऑनलाइन फाइल की प्रक्रिया चालू होने पर इसका उपयोग होने की जानकारी दी।

## शहादत दिवस : जन मुक्ति मोर्चा की रैली में तीन किमी तक देखा गया जनसैलाब

# शहीद शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर निकाली ऐतिहासिक रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर सोमवार को पूरी तरह लाल और हरे झंडों से सराबोर नज़र आया। जन मुक्ति मोर्चा द्वारा आयोजित शहीद शंकर गुहा नियोगी के शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में मजदूर, किसान, छात्र और आमजन सड़कों पर उतर आए। विशाल रैली तीन किलोमीटर लंबी दूरी तय करते हुए नियोगी चौक पहुंची, जहां शौर्य, बलिदान और संघर्ष के प्रतीक नियोगी को नमन करते हुए आमसभा आयोजित की गई।

सुबह से ही पूरे नगर में माहौल उत्साहपूर्ण रहा। झंडों, बैनरों और पोस्टरों से सजे रास्तों पर जब मजदूर और किसान संगठित होकर निकले, तो पूरा शहर एकता और संघर्ष की भावना से सराबोर हो उठा। नारेबाजी और श्रमिक गीतों के बीच रैली आगे बढ़ी तो हर गली-चौराहे पर लोगों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए जीत गुहा नियोगी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि शंकर गुहा नियोगी ने सिर्फ मजदूरों के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के हर वंचित वर्ग के लिए संघर्ष किया। उनका सपना था एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण, जिसे हमें आगे बढ़ाना है।

वक्ताओं ने याद दिलाया कि नियोगी ने छत्तीसगढ़ में मजदूर आंदोलन को नई दिशा दी और शहीद अस्पताल जैसी अनूठी पहल करके श्रमिकों को सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सेवा दिलाई।

### रैली में एकजुट का दिया संदेश

सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शंकर गुहा नियोगी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद मजदूर गीत गाए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन और संघर्ष को याद किया गया। सभा में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि नियोगी के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए मजदूर-किसान एकजुट होकर आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे

# अज्ञात वाहन की ठोकर से एक की मौत, दो का इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ रैली से लौटते समय हुआ सड़क हादसा

रैली में सम्मिलित होने आये बाईक सवारो को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी, जिसके बाद अज्ञात वाहन की ठोकर से एक बाइक में सवार तीनो गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसमे से एक व्यक्ति का ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई , वही दो का ईलाज जारी है। जिसमे हादसे मे घायल एक व्यक्ति द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम डालाकसा थाना गोटाटोला जिला मानपुर मोहला अं. चौंकी निवासी सोहन लाल खवाश ने पुलिस को बताया कि 28 सितंबर को जन मुक्ति मोर्चा राजहरा के द्वारा शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस एवं रैली में भाग लेने गांव से गैंदलाल कुरेटी की मोटर सायकल से मैं तथा गैंदलाल व नंदलाल तीनो एक साथ राजहरा आये थे और रैली एवं आमसभा मे भाग लेने के पश्चात शाम को हम तीनो गैंदलाल की मोटर सायकल में वापस गांव जाते समय मोटर सायकल को नंदलाल चला रहा था, मैं बीच में तथा पीछे गैंदलाल बैठा था, हम तीनो शाम ग्राम कारूटोला में गैंदलाल के बहन सोनकाय सोरी के घर चाय पीने के बाद तीनो करीब 07 बजे कारूटोला से निकलकर बिटाल की ओर जाते समय कारूटोला से करीबन एक किलोमीटर आगे पहुंचा था उसी समय पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिये, जिससे मोटर सायकल मे पीछे बैठे गैंदलाल दूर फेंका गया और हम दोनो मोटर सायकल में नीचे दब गये थे, वहां पर कोई नहीं था, तब हम लोग खुद ही उठे और देखे तो गैंदलाल के सिर के पीछे, दाहिने हाथ और बायें पैर में काफी चोंट लगने से खून निकल रहा था, फिर हम दोनो गैंदलाल को उठाकर रोड के किनारे लाये और उनके दीदी भाटो के सहयोग से प्रायवेट गाडी में लेकर उपचार हेतु अस्पताल लाये थे जहां डाक्टरों द्वारा मृत्यु हो जाना बताये और मेरे बायें पैर के घुटना व बाये हाथ के कोहनी के पास व नंदलाल के बाये पैर के एंडी व पीठ एवं दाहिने हाथ के उंगली में चोंट आने से हम लोगो को अस्पताल में भर्ती किये हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक संगीता बनीं जिला कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक



**गुरूर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी पर्यवेक्षक के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक के रूप में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा को मनेन्द्र गढ़, चिरमिरी, भरतपुर, सोनहट जिला कांग्रेस कमेटी के लिये पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। इस पर पार्टी के नेताओं के साथ कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### दुर्गा पंडाल के सामने हाईवा ने बच्चे को कुचला



**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत फरीद नगर लाल मैदान के पास लगे एक दुर्गा पंडाल में आरती के दौरान आए एक तेज रफ्तार हाइवा ने 12 साल के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक बच्चे को अपने साथ घसीटते हुए ले गया, इससे उसका हाथ शरीर से अलग होकर गिर गया। सुपेला पुलिस से पता चला कि डेरा बस्ती के पास लगे माता के पंडाल में रविवार शाम 6-7 बजे के बीच आरती का आयोजन हो रहा था। वहां डेरा बस्ती व आसपास के लोग पहुंचे थे। इसी दौरान हाइवा क्रमांक सीजी 10 सी 5526 तेज रफ्तार में आया और सूर्या धुर्वे नाम के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। बच्चा हाइवा के ना रुकने से उसके साथ घिसटते हुए काफी दूर तक गया। इससे उसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। कुछ दूर आगे जैसे ही भीड़ के चलते हाइवा रुका लोगों ने उसे घेर लिया और चालक को जमकर पीटा और हाइवा में तोड़फोड़ की। लोगों ने घायल बच्चे को स्पर्श हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं हाइवा चालक को लोगों से बचाया और उसे सुपेला अस्पताल इलाज के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवा कांग्रेस ने बढ़े बिजली दरों के विरोध में किया प्रदर्शन, बिजली बिल जला कर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, 400 यूनिट तक 50% छूट जारी रखने की मांग

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने बढ़े हुए बिजली दरों के विरोध में जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर के नेतृत्व में सुरेगांव विद्युत सब स्टेशन कार्यालय के सामने बिजली बिल की प्रति जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती हो रही है। लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई हैं। ऐसी स्थिति में साय सरकार द्वारा बिजली के दरों में वृद्धि और 400 यूनिट तक 50% छूट को खत्म करने से आम नागरिक त्रस्त हो चुके है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर पूर्ववर्ती सरकार में लागू 400 यूनिट तक 50% की छूट योजना को चालू रखने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में कोदूराम दिल्लीवार ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष इंदरमन देशमुख, अनुभव शर्मा विधासभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस,सौरभ देशमुख, नोवल गंजीर, चित्रांश गेंद्रे,टेमन देशमुख,टीकम भूआर्य , खिलू कोठारी, खोम देशमुख,खिलावन ठाकुर,जितेंद्र यादव,प्रखर दिल्लीवार, विजय ठाकुर एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# ऑनलाइन डॉक्टर से अपॉइंटमेंट के नाम पर युवक के खाते से 1.18 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ सिर्फ 1 रुपये डलवाकर हैकर ने लगाए रूपये 1.18 लाख पर सेंध

ऑनलाईन माध्यम से डॉक्टर से अपाईट लेने के कारण युवक के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 1,18,000/—रूपये का धोखाधड़ी कर दिया, जिसके बाद युवक द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बालोद मरारपारा वार्ड नंबर 08, निवासी विशाल माधवानी पिता मुकेश वाधवानी ने पुलिस को बताया कि 13 सितंबर को रात्रि अपनी दुकान में बैठकर डॉक्टर प्रमोद गुप्ता का मोबाइल नंबर गुगल से सर्च कर रहा था, उसी समय मेरे मोबाइल में एक मोबाइल नंबर आया जो मुझे याद नहीं, अज्ञात व्यक्ति ने मुझे डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के लिए अपने व्हाट्सअप नंबर से लिंक भेजा था, उसमें परमीशन का ऑपशन आ रहा था, तब में उसे एलाऊ करते रहा, उसके बाद फोन पे का ऑपशन आया जिसमें 01 रूपये डालने के लिए बोला, तब मैं मेरे करेंट अकाउंट बालोद के खाता नंबर के फोन पे मोबाइल नंबर से 01 रूपये डाला, 01 रूपये का रकम अज्ञात व्यक्ति के खाता में नहीं गया। तब मैं अपने सेविंग अकाउंट इंडियन ओवरसीस बैंक शाखा बालोद के खाता नंबर के फोन पे मोबाइल नंबर से 01 रूपये डाला, उसके बाद मैं अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर कॉल लगाकर पूछा क्या सही जगह कॉल किया हुं कि नहीं तब अज्ञात व्यक्ति सही जगह कॉल लगाये हो बताया। 21 सितंबर को मेरे करेंट अकाउंट इंडियन ओवरसीस बैंक शाखा बालोद के खाता नंबर से 90,000/—रूपये, 9000/—रूपये एवं सेविंग अकाउंट इंडियन ओवरसीस बैंक शाखा बालोद के खाता नंबर से 19,000/—रूपये अज्ञात व्यक्ति द्वारा डॉक्टर प्रमोद गुप्ता का नंबर देने के बहाने अपने व्हाट्सअप नंबर के माध्यम से लिंक भेजकर मेरे अकाउंट से फोन पे के माध्यम से 01—01 रूपये छलपूर्वक डलवाकर मेरे खाता से कुल 1,18,000/-रूपये निकालकर घोखाधड़ी किया है।

# हाई स्कूल की 22 छात्राओं को साइकिल वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बोरगांव हाई स्कूल में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस योजना के तहत कक्षा 9वीं की 22 नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य विजय कुमार देवांगन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष डौंडी मुकेश कौड़ो उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में जनपद सदस्य शिवप्रसाद बारला और सरपंच देवकी बाई कोटपरिया शामिल थे। प्राचार्य ने प्रारंभ में योजना के उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी। अतिथियों ने कहा कि साइकिल मिलने से बेटियों की शिक्षा के रास्ते की कठिनाइयां कम होंगी। इससे छात्राओं का विद्यालय तक पहुंचना आसान होगा, समय की बचत होगी, और उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह व आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। साथ ही, यह योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। साइकिल पाकर छात्राओं ने खुशी व्यक्त की और भविष्य में लगन से पढ़ाई कर समाज और देश के लिए योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार पाटले ने किया।

## चिकित्सकों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सम्मानित

# सेवा पखवाड़े के शिविर में 83 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म उत्सव के रूप मे 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। 27 सितम्बर को भाजपा मंडल रेंगाड़बरी में भाजपा प्रदेश निर्देशानुसार पर भाजपा जिला बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के आह्वान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र के नेतृत्व में 27 सितम्बर को ग्राम मंगचुवा में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज भाजपा रेंगाडबरी मंडल ग्राम मंगचुवा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला प्रभारी डॉ मोना टुवानी, बंटी चोपड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए, कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 83 लोग निःशुल्क शिविर का लाभ लिये, साथ ही स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित डॉक्टरों व स्टाफ जो इस निःशुल्क शिविर में अपना योगदान दे रहे थे।

ऐसे डॉक्टरों का श्रीफल व पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री पूनमचंद जैन, कोषाध्यक्ष उत्तरा कुमार पिस्दा,रोहित कुमार धलेन्द्र,नरेंद्र कुमार साहू, कोमल साहू, बसन्त कुमार जैन,बीरसिंह घरेन्द्र, पवन साहू, सुखदेव राम मेरिया, कंवल साहू,नोहर सिंह कोरेटी, सन्ता राम, अघनु राम राणा,कुमारी बाई, गोदावरी नायक उपस्थित आदि भाजप के जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



# मरीजों पर भारी पड़ रही जेएलएन हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी

## इंटक ने सेल प्रबंधन से की सम्मानजनक बोनस एग्रीमेंट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक ने बोनस को लेकर सेल प्रबंधन के एकतरफा कदम का कड़ा विरिध करते हुए सम्मानजनक बोनस एग्रीमेंट करने कर 32 हजार 5 सौ रुपए बोनस दिए जाने की मांग की है। कहा है कि ऐसा नहीं किए जाने से कर्मियों में आक्रोश बढ़ेगा और मनोबल गिरेगा। जेएलएन अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से मरीज परेशान हैं। रिटायर डाक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ को भी रखा जाए।

यूनियन की कार्यकारिणी की हुई बैठक मे बैठक उच्च प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से 29500 रु बोनस कर्मचारियों के खाते में डालने पर आक्रोश व्यक्त किया गया । पदाधिकारियों ने मांग किया कि सेल प्रबंधन जल्द बोनस बैठक कर एग्रीमेंट करते हुए सेल में एक स्वस्थ परंपरा कायम करे। बैठक में बीएसपी में इंसेंटिव स्कीम रिवाइज करने व अस्पताल के रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ को भी रिटायर्ड डॉक्टर की भांति स्वास्थ्य केंद्र में रखने की मांग की गई । महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों के खाते में 29500 रु डाले जाने को सेल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का अपमान किया है। यदि बोनस बैठक में पहले दिन सहमति नही बनी तो प्रबंधन बेहतर तालमेल स्थापित रखने बोनस वार्ता करता सेल प्रबंधन को कोल इंडिया प्रबंधन से सीख लेनी चाहिए। जहां कोल इंडिया प्रबंधन ने नवरात्रि से पहले बोनस तय करने के लिए खुद ही हाईकोर्ट में गुहार लगाया एवं पांचो ट्रेड यूनियनो के साथ बैठक कर बेहतर बोनस समझौता किया ।



### रिटायर डॉक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ की करें भर्ती

उप महासचिव अनिमेष पसीने ने कहा कि बीएसपी में रिटायर हो चुके डॉक्टर को बहुत अच्छे मानदेय के साथ अस्पताल में रखा जा रहा है लेकिन पैरामेडिकल स्टाफ को नहीं लिया जा रहा है। पिछले वर्ष तक सीएसआर के तहत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में बीएसपी से रिटायर फार्मासिस्ट एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को लिया गया लेकिन इस बार प्रबंधन एच एल एल के माध्यम से पैरामेडिकल स्टाफ रख रहा है । इस भेदभावपूर्ण क्यों किया जा रहा है। रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ को सी एस आर के तहत संचालित स्वास्थ्य केदो में रखने की मांग की । बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि सहित अजय कुमार मार्टिन, गिरिराज देशमुख, सच्चिदानंद पांडे, धनेश प्रसाद, रमाशंकर सिंह, रेशम राठौर ज्ञानेंद्र पांडे राजकुमार के रमन मूर्ति सचिव ताम्रध्वज सिन्हा डी शंकर राजकुमार नायर गणेश कुमार सोनी विंसेंट परेरा विजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जंजगिरी नाला में डूबने से युवक की मौत

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 3 किलोमीटर की दूरी ग्राम जंजगिरी नाले में युवक डूबने से मौत हो गई मृतक राजेंद्र प्रसाद ढीमर पिता पन्नालाल ढीमर 42 वर्ष रविवार की दोपहर 12 बजे के लगभग डूब गया। थाना प्रभारी डॉ. भानुप्रताप साव के निर्देश पर एसआई सुन्दर लाल नेताम ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को नाला से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल दुर्ग भेजा। अंडा पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सीमन्तोन्नयन संस्कार और नौ कुण्डी यज्ञ 30 को

**निकुम।** मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल ग्राम चिंगरी और शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड दुर्ग के तत्वाधान में गर्भ उत्सव संस्कार (सीमन्तोन्नयन) एवं नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ 30 अक्टूबर महाष्टमी पर ग्राम पंचायत चिंगरी के समीप डोम शेड में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार रिकॉर्ड 101 गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि सभी माता के लिए पोषण किट तैयार की जा रही है और पूर्व में भी इस तरीके के आयोजन हुए हैं लेकिन इस बार लक्ष्य बड़ा है 101 महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा और पूरी जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को दिखाया, बताया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। विशेष अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य बेला यादव एवं सरपंच पुष्पा वाघमारे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ, विशिष्ट जन शामिल होंगे।

### मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेलूद के भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, शक्ति केंद्र संयोजक रमेश देवांगन, सेलूद के पूर्व सरपंच खेमिन साहू, टामन लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी सोसायटी, वरिष्ठ कार्यकर्ता तुकाराम सेन, दाऊ महेश्वर बंछोर, बूथ अध्यक्ष उमेश राजू देवांगन, जयंत साहू आदि उपस्थित थे।

## तैयारी : रोजाना हजारों पर्यटकों की आमद को देखते हुए जानवरों के कैज में भी पेंटिंग

# सर्दियों के लिए संवर रहा मैत्रीबाग फुलवारियों में मौसमी फूलों की बहार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सर्दियों के मौसम के करीब आते है मैत्रीबाग की रौनक बढ़ाने की तैयारी शुरु हो गई है। बारिश के चार माह बाद ठंडी के खुशगवार मौसम में यहां आने वाले हजारों सैलानियों के लिए प्रकृति से रुबरु होना एक रोमांचकारी अनुभव होगा। पर्यटकों को लुभाने के लिए प्रबंधन ने मैत्री गार्डन और चिड़ियाघर को आकर्षक तरीके से संवारने की कवायद शुरु कर दी है। लोगों को खूबसूरत मौसमी फूलों की इंद्रधनुषी रंगत के साथ वन्य प्राणियों की अधिक चंचलता दिखाई देगी।

उल्लेखनीय है बरसात के मौसम में मैत्रीबाग बैरौन था। चार महीने के बारिश के मौसम के चलते मैत्रीबाग आने वाले पर्यटकों की आमद कम रही वहीं पानी, कीचड़ और बरसाती खरपतवारों ने भी यहां की सुंदरता को कम कर दिया था। अब वर्षा का मौसम विदाई की ओर है और ठंडी के आते ही फिर से एक बार भिलाई दुर्ग सहित अंचल के सैलानियों की भीड़ बढ़ेगी। इसे देखते हुए उद्यानिकी विभाग ने पर्यटकों को रिझाने के लिए मैत्रीबाग को संवारना शुरु कर दिया है। ठंडी में यहां रोजाना दो से ढाई हजार लोग आते हैं। रविवार को सैलानियों की तादाद 5 हजार पहुंच जाती है। उद्यानिकी विभाग द्वारा यहां फुलवारियों और जू दोनों को आकर्षक बनाने की कवायद की जा रही है। ठंडी में खिलने वाले फूलों के पौधों को लगाने क्यारियां तैयार की जा रही हैं। इनमें सभी वेरायटी के गुलाब, डहेलिया, गेंदा, पैंजी, आस्टर, कैलेंडूला, पिटूनिया, फ्लास्क, सालविया आदि दो दर्जन से अधिक मौसमी फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इनके लिए छोटी छोटी क्यारियों के साथ नर्सरी लगाई जा रही है।

मिट्टी को पलट कर कंपोस्ट खाद डालने का काम चल रहा है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि क्यारियों का काम पूरा होते ही रोज गार्डन, कैंडल गार्डन, संकर लान व झील के निकट कारीडोर आदि चारों ओर अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यह सभी मौसमी फूलों के पौधे लगा दिए जाएंगे। इनमें दिसंबर के अंत तक फूल खिलने लगेंगे। बीच बीच में शो प्लांट्स भी लगाने के साथ सभी लांनों को संवारा जा रहा है। गैंदा आदि कुछ फूलों के बीज मैत्रीबाग में ही तैयार किए जाते हैं।

### फ्लावर शो भी रहेगा आकर्षण का केंद्र





### स्कूली बच्चों की पिकनिक टीमों की धूम

आने वाले ठंडी के मौसम में मैत्रीबाग नन्हों पर्यटकों से गुलजार होगा। खुशनुमा मौसम के चलते परीक्षाओं के पूर्व भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के शहरो से यहां स्कूली बच्चों की पिकनिक टूरों का सिलसिला शुरु हो जाता है। नौनिहाल यहां खाते पीते हुए झूलों फिसलनपट्टी आदि का मजा लेते हुए खूबसूरत जानवरो व परिंदों का नजारा लेते हैं। हर साल हजारों बच्चे यहां ठंड के मौसम में आते हैं।

### चिड़ियाघर के केजों की भी पेंटिंग

मैत्रीबाग में फुलवारियों के साथ चिड़ियाघर को भी निखारा जा रहा है। पक्षियों और जानवरों के कैज की पेंटिंग की जाएगी। एनक्लोजर के सामने नेम प्लेट भी अपडेट किए जाएंगे। मेन गेट में पेंटिंग की जाएगी। इसके अलावा चिड़ियाघर में बरसात के मौसम में चारों तरफ उगे घास और खरपतवारों की भी सफाई कराई जा रही है। पेयजल की सुनिश्चितता व प्रसाधन को भी स्वच्छ रखे जाने कर्मियों को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि नव वर्ष पर 31 दिसंबर और फरवरी में फ्लावर शो में यहां पचास हजार लोग आते हैं।

# बच्ची की जान बचाने तैयार किया ग्रीन कॉरिडोर, खोए बच्चे को मिलाया उसकी मां से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानवीयता के क्षेत्र में दो सराहनीय काम करने के चलते दुर्ग पुलिस चर्चा में है। पुलिस ने पहले एक बच्चे की जान बचाने के लिए नवरात्रि के भीड़भाड़ वाले माहौल में ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर उसे कम समय में रायपुर पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ भीड़ में खोए बच्चे को खोजकर उसकी मां से मिलवाया।

27 सितम्बर को दुर्ग स्थित एक निजी अस्पताल में 15 दिनों से भर्ती एक बच्ची भारती सिंह की हालत काफी गंभीर हो गई। उसे सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। डॉक्टरों ने रायपुर बाल गोपाल उसे रेफर किया। सूचना मिलते ही दुर्ग ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने नवरात्रि महोत्सव के कारण दुर्ग-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात दबाव होने के बावजूद तत्काल ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर एम्बुलेंस को पुलिस वाहन द्वारा पायलटिंग प्रदान की और कम समय में उसे रायपुर अस्पताल पहुंचाया।

### 6 साल के बच्चे को खोजकर सुरक्षित पहुंचाया

25 सितम्बर 2025 को भिलाई के बीएसएनएल चौक, सेंट्रल एवेन्यू पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस को 6 साल का बच्चा प्रणव ध्रुव मिला। पूछताछ कर उसके परिजनों का पता लगाया गया और आवश्यक सत्यापन के बाद उसे सुरक्षित रूप से परिवार को सुपुर्द किया गया।

### 11 साल के खोए बच्चे को मिलवाया उसकी मां से

इसी तरह 26 सितम्बर को नेहरू नगर हाईवे पर यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को एक 11 साल का लड़का मिला। पूछने पर उसने अपना नाम सतीश मरकण्डेय बताया। उसने बताया कि वह अपनी मां के साथ दुर्ग पूजा की झांकी देखने आया था और कहीं पर उससे बिछड़ गया है। बच्चे ने मां का जो मोबाइल नंबर बताया वो भी गलत था, लेकिन पुलिस ने उस अधूरे नंबर को कई बार ट्राई किया और उसकी मां का पता लगाकर बच्चे के बारे में सूचना दी। जब उसकी मां बताए स्थान पर पहुंची तो बच्चे से तप्तीश करने के बाद उसे उसकी मां के सुपुर्द किया गया।

# नदी में डूबा सातवीं का छात्र, लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना अंतर्गत घर से दोस्तों के साथ घूमने निकला 7वीं कक्षा का छात्र खारुन नदी में डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची।

■ कुम्हारी थाना का मामला

रविवार को दिनभर रेस्क्यू करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। शाम हो जाने पर रेस्क्यू रोका गया है। एसडीआरएफ की टीम सोमवार को फिर से दोबारा खारुन नदी में तलाश करने उतरेगी। कुम्हारी थाना प्रभारी योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर 3 बजे की है। महामायापारा निवासी गजेन्द्र पटेल पिता नंद लाल पटेल (13 वर्ष) 7वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। वह अपने तीन-चार साथियों के साथ घर से घूमने निकला था। वो लोग घूमते हुए खारुन नदी में बने अटारी एनीकट के पास पहुंचे। वहां पहुंचने पर गजेंद्र नहाने की बात करने लगा। देखते ही देखते उसने कपड़े उतारे और नदी में छलांग लगा दिया। तेज बहाव होने के चलते वो नदी में डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव में आने से वो बह गया। उसके साथियों ने दौड़कर घर वालों को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दुर्ग से पहुंची, लेकिन अंधेरा हो जो के चलते वो नदी में नहीं उतरी। रविवार सुबह से एसडीआरएफ ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। दिनभर रेस्क्यू करने के बाद भी जब कुछ नहीं मिला तो टीम बाहर आ गई। सोमवार को फिर से रेस्क्यू शुरू कर खोज की जाएगी। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हेरोइन बेचने वाले चार आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) बेचने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले पुलिस ऐसे ही चिट्टा बेचने वाले 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नशे के खिलाफ मोहन नगर थाना और एसीसीयू की टीम ने मिलकर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक दूसरे के सम्पर्क मे रहकर योजनाबद्ध तरीके से चिट्टा लाकर खरिदी बिक्री करते हैं। उनके द्वारा वाट्सअप कॉल के जरिए ग्राहकों से संपर्क किया जाता है और फिर ऑनलाइन पेमेंट लेकर तय जगह पर चिट्टा सप्लाई किया जा रहा था। जब पुलिस ने मुखिबर को अलर्ट किया तो पता चला कि ये लोग पंजाब राज्य से चिट्टा लाकर यहां बेच रहे हैं।



■ पहले हो चुके हैं 15 गिरफ्तार

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 28 सितंबर को 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गगन कुमार दिवाकर निवासी जामुल, राहुल रामटेके निवासी कैम्प 1 छावनी, राजवीर सिंह उर्फ यश निवासी खुर्सीपार और भूपेन्द्र सिंह निवासी खुर्सीपार बताया। उन्होंने चिट्टा का नशा करना और उसे बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके पास से 3 मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें खरीदी बिक्री से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। सभी को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मकान में लगी देर रात आग, सामान खाक

**भिलाई।** भिलाई में वैशाली नगर थाना अंतर्गत रामनगर क्षेत्र में बीती देर रात एक मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दुर्ग से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। टीम ने आकर आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें 28 सितंबर को तड़के 4 बजे सूचना मिली थी कि सुपेला में आग लगी है। सूचना मिलते ही दमकल की टीम को रवाना किया गया। टीम जब पहुंची तो पता चला कि सुरेश नायडू के मकान में आग लगी है। अग्निशमन कर्मियों ने आग को बुझाने का काम शुरू किया। एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। यदि आग को समय पर नहीं रोका जाता तो आग और भी घरों में फैल सकती थी। आग से घर का सामान जलकर खाक हो गया है।

# विधायक भेड़िया ने सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम पंचायत कसही(लो) में सोमवार को माननीया विधायक अनिला भेड़िया ने सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिला भेड़िया अध्यक्षता सरपंच एन कुमारी राण्डे, विशेष अतिथि ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द चंद्राकर, नेतराम भांडेकर, गुलाब जैन, उपसरपंच नरेंद्र साहू, पंच यशवंत साहू, ललीता कुंजाम, पिंकी रावटे, माथुरी मंडावी, ललीता सेवता, ढेलुराम साहू, कृपा राम, हरीशचंद्र मंडावी, रोहित चंदनमलागर, बसंती साहू, गणेश्वरी साहू, प्रिति साहू, बिसाहिन बाई एवं गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गरबा उत्सव में सितारों और दिग्गजों की मौजूदगी से सजी महफिल

**भिलाई।** दुर्गा नवनिर्मित समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव की शुरुआत महेश कॉलोनी, पुलगांव में परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़े और उत्साह से गरबा करते दिखे। मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल बदला गया था, लेकिन नई जगह पर भी लोगों का उत्साह देखते ही बना। हजारों की संख्या में दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे और उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर अलका बाघमार, चतुर्भुज राठी और प्रकाश देशलहरा ने माता की अराधना का पर्व नवरात्र की सभी को शुभकामनाएं दी। आयोजन के पहले दिन छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनुकृति चौहान, धारावाहिक बिंदास बहुरानी फेम वंदना साहू, कलाकार दिलेश साहू, उपासना वैष्णव, उर्वशी साहू और अंजलि राजम ने शिरकत की। लाइव बैंड की धुनों और ढोल-नगाड़ों की ताल पर जब प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों में थिरकना शुरू किया तो पूरा पंडाल गरबा और डांडिया की रंगत में रंग गया।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

# राज्यस्तरीय खेल में दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का समापन एसएनजी विद्यालय, सेक्टर-4, भिलाई में हुआ। प्रतियोगिता 25 सितम्बर प्रारंभ हुआ था, जिसमें सरगुजा, बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। 25वीं राज्य स्तरीय साल क्रीडा प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैम्पियन का ख़िताब दुर्ग संभाग के नाम रहा।

अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी अपने जिलों में पुरस्कार लेकर पहुंचेंगे, उन्हें न केवल जिला शिक्षा अधिकारी बल्कि पूरा समाज सम्मानित करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि हार को कभी अंतिम नहीं मानना चाहिए, बल्कि प्रयास करते रहना चाहिए।



### ये प्रतियोगिताएं हुई

प्रतियोगिता में फेंसिंग, नेटबॉल, ट्रैक साइक्लिंग, लॉन टेनिस, जूडो और टेबल टेनिस (बालक, बालिका वर्ग) जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें राज्य भर के युवा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में फेंसिंग बालक दुर्ग संभाग, फेंसिंग बालिका में रायपुर संभाग प्रथम पायदान पर रहे। इसी प्रकार नेटबॉल बालक, बालिका में दुर्ग, ट्रेक साइकलिंग बालक, बालिका में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में लॉन टेनिस बालक, बालिका में रायपुर संभाग प्रथम स्थान पर रहा। जूडो बालक 14 वर्ष में दुर्ग संभाग, ऑल ओवर जूडो बालक, बालिका में बस्तर संभाग प्रथम पायदान पर, टेबल टेनिस बालक बिलासपुर संभाग और बालिका में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान सुरक्षित किया। इस तरह समग्र प्रदर्शन के आधार पर ऑल ओवर चैम्पियन का ख़िताब दुर्ग संभाग के नाम रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, राजनांदगांव, धमतरी व गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जस झांकी आज

**मुरमुंदा।** दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 30 सितंबर को वीणा वंदनी जस झांकी परिवार मुंदगांव वालों का कार्यक्रम ग्राम के बाजार चौक में रखा गया है। समिति के लोगों ने आसपास के ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### मां बम्लेश्वरी मंदिर में सेवा कार्य

**डोंगरगढ़।** स्काउट्स एवं गाइड्स मां बम्लेश्वरी मंदिर में अपनीन सेवा दे रहे है। बीईओ विरेन्द्र कौर के मार्गदर्शन में बड़े मंदिर, नाग मंदिर, छिरपानी कार्यालय, छोटे मंदिर में सेवा कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में अम्बेडकर ओपन क्रू सेंदरी के स्काउट गाइड शामिल हैं। इस कार्य के लिए ब्लाक स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष दविन्दर सिंह भाटिया, प्राचार्य किरण मिश्रा, जिला संघ उपाध्यक्ष राकेश भावते ने स्काऊट गाइड को बधाई दी है।

### साहित्यकार मसखरे हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित

**गंडई पंडरिया।** रायपुर के वृंदावन ऑडिटोरियम में 28 सितंबर को आयोजित भव्य समारोह में भदेरा पैलीमेटा के साहित्यकार एवं शिक्षक राजकुमार मसखरे को प्रतिष्ठित हिंदी सेवा सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा में लंबे समय से दिए जा रहे साहित्यिक योगदान, व्यंग्यात्मक लेखन से जागरूकता लाने के उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वक्ता मंच दबंग स्वर ने किया था। समारोह में दबंग स्वर के प्रधान संपादक पं. पीके तिवारी मुख्य अतिथि थे।

### महाष्टमी पर अनुष्ठान आज

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। बीते आठ दिन से भक्त माता की आराधना कर रहे है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दर्शन एवं पूजन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। कल मंगलवार को देवी दरबार एवं प्रतिमा स्थलों में महाष्टमी मनाया जाएगा। मां नर्मदा मंदिर में भी महाष्टमी कार्यक्रम रखा गया है। सुबह साढ़े दस बजे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात महाआरती होगी। नौ कन्या को भोज कराया जाएगा। बुधवार शााम को शोभा यात्रा एवं पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

### पंचमी में लगा छप्पन भोग

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र के देवी मंदिरों में शनिवार को पंचमी पर्व मनाया गया। दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा स्थलों में रविवार को पंचमी पर्व उल्लास से मनाया गया। माता रानी का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। सड़क अतरिया के स्कूल के पास युवाओं द्वारा स्थापित सरस्वती प्रतिमा स्थल पर छप्पन भोग लगाकर आस्था प्रकट किया गया।

## निधन

### रामबाई देवांगन



**गुरूर।** ग्राम पेंडरवानी निवासी रामबाई देवांगन का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम पेंडरवानी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे मुकेश देवांगन की माता थी।

---

**आयोजन**

**दाऊ उत्तम साव पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित, सामाजिक समरसता पर जोर**

# बुराइयों को त्यागकर समाज को नई दिशा दें : ताम्रध्वज







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के कार्यालय भवन में श्रीकृष्ण माता कर्मा मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा व कमला सदन का लोकार्पण एवं दाऊ उत्तम साव पुण्य तिथि संस्मरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सुबह समाज के महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई साथ ही भगवान कृष्ण माता कर्मा की प्राणप्रतिष्ठा ग्राम पुरोहित द्वारा की गई। साथ ही दाऊ उत्तम साव एवं स्व. कमला देवी साहू के तेलचित्र में पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम



के मुख्यअतिथि पूर्व गृह मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता.अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग डॉ. नीरेन्द्र साहू, विशिष्ठ अतिथि अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, नंदलाल साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन रमशीला साहू,पूर्व विधायक गुण्डरदेही डॉ. दयाराम साहू, अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छ.ग. शासन जितेन्द्र साहू,पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन दीपकताराचंद साहू, पूर्वअध्यक्ष जिला सहकारी,विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग श्रद्धा साहू,सभापति जिला पंचायत दुर्ग प्रिया साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कोनारी गुंजेश्वरी पारख जौहरी, अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन दिनेश साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग शहर पोषण साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ धमधा श्यामलाल साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अहिवारा ढालसिंह साहू, तहसील अध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण पूसऊ राम साहू, महासचिव उमाशंकर साहू सहित तहसील साहू संघ,समस्त परिक्षेत्रीय साहू, समस्त ग्रामीण साहू समाज उपस्थित थे। इस अवसर इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा की आज स्व. धर्मपत्नी की स्मृति में नव निर्मित कमला सदन समाज जनों को समर्पित कर रहा हूं भवन को हमेशा अच्छे कार्यों के लिए उपयोग करना आगे कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों को त्यागकर हम सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा।

---



# शीतला मंदिर में जंवारा व ज्योति की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ब्लॉक के ग्राम परसाडीह ज में धार्मिक उत्साह और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। गांव में नव निर्मित शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा जंवारा एवं ज्योति कलश की स्थापना की गई है। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण के साथ भक्तिभाव का माहौल बना हुआ है। मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एकत्र होकर माता की आराधना कर रहे हैं।

माता शीतला के प्रति लोगों की गहरी आस्था है, इसी आस्था के चलते इस वर्ष मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। जंवारा एवं ज्योति कलश की स्थापना के साथ पूरे गांव में धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही ग्राम के कला मंच में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा स्थापना के बाद से ही प्रतिदिन सुबह-शाम भजन, कीर्तन और पूजा-पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आसपास के गांवों से भी भक्तजन शामिल हो रहे हैं। 1 अक्टूबर को माता दुर्गा की प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा।

ग्रामवासी इस पूरे आयोजन को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। गांव की महिलाएं पारंपरिक गीत भी गा रही हैं और युवा वर्ग आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। धार्मिक आयोजनों के कारण पूरे क्षेत्र में आस्था और उमंग का माहौल है।

---

# परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष बने मधुसूदन





**डौंडीलोहारा।** परिक्षेत्र साहू समाज डौंडी लोहारा का त्रिवार्षिक चुनाव दिनांक 28 सितंबर दिन रविवार को पुराना साहू सदन डौंडी लोहारा में विधिवत सम्पन्न हुआ। जिसमे 5 पद का निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष मधुसूदन साहू (सम्बलपुर), पुरुष उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार साहू (कसही), महिला उपाध्यक्ष बसन्ती साहू(कसही) ,संगठन सचिव पुरुष उमाशंकर साहू (डौंडी लोहारा ), संगठन सचिव महिला लुकेश्वरी साहू (भेड़ी) का चयन हुआ। जिसमें तहसील साहू संघ के पर्यवेक्षक व वर्तमान अध्यक्ष यशवंत साहू द्वारा बहुत ही सुंदर ठंग से निर्वाचन को समय सीमा में सम्पन्न कराया गया।

---

# प्रज्ञा स्कूल में बनी पालक कार्यकारिणी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



प्रज्ञा विद्या मंदिर बघमरा में पालक कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। बैठक में बच्चों की पढ़ाई को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत करने तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई। प्रधानाचार्या मनीषा यादव ने कहा कि बच्चे ही आने वाले कल का भविष्य हैं। हम सभी शिक्षकगण उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं, जिसमें अभिभावकों का भी पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

कार्यकारिणी गठन में हिंदी माध्यम से अध्यक्ष तूकेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष चंचल साहू, सचिव भागवत साहू और सदस्य सोमेश देवांगन, गायत्री साहू, मोहिनी पटेल, उषा साहू, लक्ष्मी साहू, पंकज साहू, जालम सोनकर और कमलेश कुमार साहू चुने गए। अंग्रेजी माध्यम से अध्यक्ष तापेश साहू, उपाध्यक्ष नांगीता साहू, सचिव दीपिका साहू और सदस्य युवराज निषाद, गोमेश्वर साहू, दुमेश्वरी ठाकुर, दिव्या, बिंदेश्वरी साहू, सावित्री साहू, पूनम साहू तथा ज्योति मानिकपुरी बनाए गए। सभी पदाधिकारियों का विद्यालय के शिक्षकों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालय बच्चों को स्मार्ट शिक्षा, और सह–पाठ्य गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रयास करेगा। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई कि वे घर पर बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें और उनकी प्रगति पर ध्यान दें। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ कविता विश्वकर्मा, गायत्री कुंभकार, रितु साहू, लीना साहू, रेखा भारद्वाज, इंद्राणी साहू, भूमिका साहू, डिलेश्वरी पटेल, ज्योति साहू, लक्ष साहू, राजश्री उइके, भुनेश्वरी निषाद, देवप्रभा देवांगन और सागर नेताम उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पालकगण भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम विद्यालय, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच साझेदारी को मजबूत बनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

---



# गायत्री परिवार का शक्ति संवर्धन महायज्ञ दिसम्बर में



**बालोद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 8 से 11 दिसंबर तक विराट 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन उद्योग परिसर गंजपारा बालोद में रखा जायेगा। इसकी तैयारी गायत्री परिवार ने शुरू कर दी है। कार्यक्रम की रूप रखा भी गायत्री परिवार ने तैयार कर ली है।

---

# सीमन्तोन्नयन संस्कार और नौ कुण्डी यज्ञ आज चिंगरी में

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ संस्कार (सीमन्तोन्नयन) एवं नव कुंडीय गायत्री आज महाष्टमी पर ग्राम पंचायत चिंगरी के समीप डोम शेड में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार रिकॉर्ड 101 गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि सभी माता के लिए पोषण किट तैयार की जा रही है और पूर्व में भी इस तरीके के आयोजन हुए हैं। लेकिन इस बार लक्ष्य बड़ा है 101 महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा और पूरी जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को दिखाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। इस कार्यक्रम जनपद सदस्य बेला यादव एवं सरपंच पुष्पा वाघमारे, पुष्पा देशमुख पूर्व संरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी, लक्ष्मी दिल्लीवार अध्यक्ष महिला मानस मंडली ग्राम चिंगरी, धीरजलाल टॉक दुर्ग भिलाई उपजोन समन्वयक, अभयलाल ध्रुवे मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ दुर्ग ,मलिकराम साहू शिक्षक,बेदनाथ भारद्वाज शिक्षक, अर्जुनलाल साहू, जगनराम साहू,संतोष पाटिल शिक्षक, ग्राम चिंगरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ, विशिष्ट जन शामिल होंगे। यह जानकारी भुनेश्वर साहू ने दी।

---

## गंगा मैया मंदिर पहुंचे पूर्व सीएम बघेल की पूजा-अर्चना...



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालोद जिले के ग्राम झलमला में गंगा मैया के दर्शन व पूजन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा एवं कांग्रेस जन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### तालगांव में डांस प्रतियोगिता आज

**बालोद।** ग्राम तालगांव में 30 सितंबर को रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन जय रानी मां रिकार्डिंग डांस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से रखा गया है। इसमें सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 4001, तृतीय 3001 रूपए और प्रवेश शुल्क 251 रूपए रखा गया है। युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपए, द्वितीय 2001, तृतीय 1501 रूपए एवं प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए, द्वितीय 1501, तृतीय 1001 रुपए एवं प्रवेश शुल्क 151 रुपए रखा गया है। बेस्ट वेशभूषा 501 रुपए, बेस्ट अनुशासन 501 रुपए, कला पक्ष 501 रुपए, भाव पक्ष 501 रुपए रखा गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इसी दिन ग्राम मुल्लेगुडा में भी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

---

# कबाड़ से जुगाड़ एवं चित्रकला कार्यक्रम आयोजित



**डौंडीलोहारा।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में चित्रकला व कबाड़ से जुगाड़ को प्रदर्शित किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने व अपने नित्य जीवन में उतारने के उद्देश्य से चित्रकला के माध्यम से लोगों को संदेश देने व समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए चित्रकला आयोजित की गई। जिसमें लवलिका, डेविड, ओंकार, यामिनी, योगेश्वरी निषाद, यमन, हिमांशु, भूमि, लक्ष्य कुमार, शशांक व डिपेंद्र ने भागीदारी दी।

कबाड़ से जुगाड़ जिसमें प्लास्टिक व कांच की पुरानी फेंकी हुई बेकार अनुपयोगी वस्तुओं को नवजीवन देते हुए उपयोग करने योग्य वस्तु बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा अपनी रचनात्मक कौशल और भविष्य में होने वाली समस्या के समाधान की दिशा में अपने नवाचार को प्रस्तुत किया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा फ्लावर पॉट, स्वागत तोरण, डस्टबिन, पेन स्टैंड, झूमर बनाकर प्रियंका, दिशा, अंजली, डिंपल ने अपनी कल्पना को एक आकर्षक रूप दिया। इस दौरान प्राचार्य आर के देवांगन ने संबोधित करते हुए कहा कि चित्रकला और कबाड़ से जुगाड, अपने कल्पना शक्ति को बढ़ाने का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। यह एक अच्छा प्रयोग है जो पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी है। इससे नई चीज खरीदने तथा पुराने को फेंकने की प्रवृत्ति में कमी आएगी। स्वच्छता पखवाड़ा के सभी कार्यक्रम को सही तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्याख्याता द्वय यूथ एंड इको क्लब प्रभारी अजय पाठक व हेपशीबा एंथोनी की तारीफ की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू के अलावा पूरा विद्यार्थियों का समूह उपस्थित था।

---

**नवरात्रि पर्व पर नारी शक्तियों के स्वरूपों से सजी चैतन्य झांकी**

# मातृशक्ति के योगदान को दर्शाती चैतन्य देवियों की झांकी का चौथा दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के चतुर्थ दिवस के उद्घाटन अवसर पर आरआई रेवती वर्मा, भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री बालोद निशा योगी, केद्रिंय महिला अध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी समाज प्रीति देशमुख, महिला समन्वय जिला संयोजिका संगीता देवांगन, महिला सह संयोजिका बालोद डिम्पल पटेल, गंगा मैय्या मानस मंडली मरारपारा अध्यक्ष सोनकली पटेल, नवचेतना समाजसेवी संगठन के अध्यक्ष पद्मनी देवेन्द्र साहू, जनपद सदस्य ममता गंगबेर, ब्रह्माकुमारीज मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी उपस्थित थे। बहन रेवती वर्मा ने कहा कि संसार को चलाने में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। इन चौतन्य देवियों ने अपनी संयम और आत्मशक्ति का प्रदर्शन किया है। प्रीति देशमुख ने कहा कि यह जो चैतन्य झांकी जो प्रदर्शित की गई है उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नही है इतनी सुंदर झांकी बनाई गई है। इसके लिए मै हमारी दीदी और ब्रह्माकुमारी सेंटर के सभी भाई बहनों को कोटि–कोटि बधाई देती हूं।

■ संसार संचालन में मातृशक्ति का है अमूल्य योगदान - रेवती

निशा योगी ने कहा कि चौतन्य झांकी में नारी के अंदर विद्यमान समस्त शक्तियों को दर्शाया गया है जैसे सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा सभी रूपों में नारी कार्य करती है।

बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि राजयोग की शिक्षा हमें एक नई सोच एवं दिशा प्रदान करती है कि हम देह एवं देह की दुनिया का निर्वहन करते हुए भी मात्र एक घंटा आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करके परमात्मा की शक्तियों एवं उसकी निकटता को महसूस कर सकते है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलोदी में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा राजगीत की प्रस्तुति दी गई। ततपश्चात अतिथियों ने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, इनके शुभारम्भ पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक नीलिमा साहू ने भी अपना वक्तव्य दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार, डॉ. प्रदीप देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू, गोकुल राम, भेपेन्द्र, तुलेश्वर, मार्कण्डेय सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिसनाथ साहू तथा आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश साहू ने किया।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर ने 33वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** शारदीय नवरात्र के सुअवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मिर्रीटोला टुकेशवर पाण्डेय ने जरूरत मंद लोगों को 33वीं बार रक्तदान किया। साथ ही साथ सभी युवा साथियों को रक्तदान करने का आग्रह किया।

## अष्टमी हवन आज

**सुरगी।** ग्राम संबलपुर की शिव पार्वती सिद्ध शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि में 215 ज्योति कलश की स्थापना किया गया है । अष्टमी हवन 30 सितंबर को रखा गया है। हवन के बाद माता का झूला का कार्यक्रम होगा। आगामी एक अक्टूबर को ज्योत जंवारा विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के व्यवस्थापक शेष नारायण साहू, बनवाली यादव ने दी।

## मटिया में श्रीमद भागवत कथा दो से

**डोंगरगांव।** मटिया वार्ड 14 स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर परिसर में आगामी दो से 10 अक्टूबर तक श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। शर्मा परिवार के श्राद्ध कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित भागवत कथा में पं रूपेश महाराज माना कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक परिवार ने बताया कि प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, मंडप प्रवेश होगा। आगामी तीन अक्टूबर को गौकर्ण कथा, ब्रह्मदेव, वराह अवतार, 4 को सृष्टि वर्णन, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, 5 को जड़भरत चरित्र, नाम गुरू महिमा, प्रहलाद चरित्र, 6 को क्षीरसागर महिमा, राम कृष्ण जन्म, 7 को बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रुख्मणी विवाह, 8 को जरासंध वध, सुदामा चरित्र, होली उत्सव, 9 को सूर्य चन्द्र ग्रहण महिमा, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी व नगर भ्रमण होगा। आगामी 10 अक्टूबर को गीता हवन पूजन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ समापन होगा।

### आयोजन : मां गौरी ग्रुप प्रथम, मां बगलामुखी द्वितीय और शक्ति गरबा ग्रुप तृतीय स्थान पर

# शैलदेवी कॉलेज के गरबा में छात्र-छात्राएं थिरके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में गरबा महोत्सव–2025 का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राकेश पांडे, चेयरमैन, खादी ग्राम उद्योग, रायपुर, एवम् विशिष्ट अतिथि के रूप में राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। गरबा महोत्सव में शैलदेवी महाविद्यालय एवं शैलदेवी प्राइवेट आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- 14 समूहों ने गरबा नृत्य से मां दुर्गा के विविध रूप किए सजीव

छात्र-छात्राओं ने कुल 14 समूहों में विभक्त कर देवी दुर्गा के विविध नाम रूपों शक्ति गरबा ग्रुप, मां भवानी, मां शैलपुत्री, मां कुष्मांडा , मां कात्यायनी, आद्याशक्ति, मां स्वरूपा, मां बगलामुखी, मां कालरात्री, आदिशक्ति रिदम, वैदेही, मां गौरी, नरसिम्हा के आधार पर गरबा नृत्य प्रस्तुत किए। प्रत्येक प्रस्तुति में भक्ति, उत्साह, सांस्कृतिक चेतना और मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला।

मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि महिला शक्ति, ऊर्जा और जीवन-संस्कारों का उत्सव है। हमारे देश में शक्ति उपासना आदिकाल से हो रही है। हमारी भारतीय और छत्तीसगढ़ी संस्कृति विश्व में अद्वितीय है। इस छत्तीसगढ़ी संस्कृति को संजोना और उसे सुरक्षित रखना हमारा उत्तर दायित्व है। हमारे सुवा आदि नृत्य और गीतों ने विश्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश को एक वैश्विक पहचान दी है। महाविद्यालय आयोजन समिति ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से छात्रों को न केवल सांस्कृतिक मंच मिला, बल्कि भारतीय परंपरा के प्रति गहरी आस्था भी जागृत हुई। चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। निर्णायक की भूमिका में श्रीमती रश्मि देशमुख उपस्थित हुई। इस गरबा महोत्सव में मां गौरी ग्रुप (बीएससी बी.एड. चतुर्थ वर्ष) प्रथम, मां बगलामुखी ग्रुप (एम.एस.सी एवम् योग) द्वितीय और शक्ति गरबा ग्रुप ए (बी.एससी. बी.एड. द्वितीय वर्ष ) तृतीय स्थान प्राप्त किए। गरबा महोत्सव 2025 की यह संध्या भक्ति, ऊर्जा और उल्लास से परिपूर्ण रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को देवी दुर्गा की अद्भुत शक्ति एवं सौंदर्य का सजीव अनुभव कराया।







## नवरात्रि में रेडक्रॉस का नि:शुल्क सेवा शिविर



**बालोद।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बालोद द्वारा नवरात्रि सेवा कार्य का शिविर लगाया गया है, जुनियर रेडक्रास उपसमिति अध्यक्ष व जिला शिक्षा अधिकारी बालोद योगदास साहू के दिशा निर्देश में 15 बच्चें नवरात्रि पर्व पर गंगा मैय्या मंदिर झलमला में निःशुल्क सेवा दे रहे है।

जिला संगठक बालोद व चिखली स्कूल के रेडक्रास प्रभारी चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि हमारे रेडक्रास जुनियर व यूथ विंग द्वारा निःशुल्क सेवा का कार्य कर रहे हैं, दलनायक भास्कर किसान ने बताया कि रेडक्रास का उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता होता है। जिसे हम सार्थक कर लोगों को रेडक्रास से अवगत करा रहे हैं। रेडक्रास के बच्चे गंगा मैय्या मंदिर के दोनों नवरात्र में निःशुल्क सेवा देते हैं। रेडक्रास के दलनायक भास्कर ने बताया कि हम लोग टोली में बंटकर सेवा कार्य को अंज़ाम देते हैं, हम कितना भी कार्य कर लें, पर थकान बिल्कुल भी नहीं लगता। प्रतिदिन हम सुबह4 बजे से उठकर मंदिर, मेला परिसर, पार्किंग स्थल व शौचालय की साफ सफाई करेंगे। इसके पश्चात स्नान करने के बाद अन्य कार्यों में लगे सेवादारों को स्वल्पाहार का वितरण, खिचड़ी प्रसाद का वितरण, फिर साहित्य बिक्री केन्द्र में सहयोग कर रहे है। सहा दल नायक ने बताया कि प्रतिदिन अलग अलग टोली को अलग कार्य का बंटवारा होता है, जैसे आज पहला टोली नारियल हटा रहा है तो दुसरा टोली भोजशाला में भोजन वितरित करेगा, तीसरा टोली कार्यक्रम देने आए दल को भोजन व समय समय पर चाय की व्यवस्था करता है। गंगा मैय्या मंदिर में पूर्ण रूप से निःशुल्क सेवा करने आए बच्चे सेवा के बदले किसी भी प्रकार का उपहार नहीं लेते हैं। वायडी साहू ने कहा कि इस तरह के सेवा शिविर से बच्चों के अन्दर आत्म विश्वास जागृत होता है और अनुशासन का पाठ सिखते है। रेडक्रास जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार के कुशल नेतृत्व में व प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी के संरक्षण में विगत 10 वर्षो से लगतार सेवा कार्य करने का अवसर रेडक्रास सोसायटी बालोद को मिल रहा है। इस सेवा कार्य के लिए रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि पदेनअध्यक्ष दिव्या उमेश मिश्रा, रेडक्रास राज्य चेयरमैन व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, रेडक्रास चेयरमेन बालोद डां. प्रदीप जैन, उपसभापति कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रूपनारायण देशमुख, पदेन सचिव डॉ.जे एल उइके व अन्य सदस्यों ने हर्श व्यक्त की।

## श्रद्धा के साथ ग्रामवासियों ने की मां दुर्गा की आराधना



**अंडा।** सार्वजनिक दुर्गा समिति ग्राम खप्परवाडा बालोद जिला का प्रथम गांव दुर्गा समिति ग्राम खप्परवाडा जिला बालोद छत्तीसगढ़ जो गांव में एक ही जगह माता रानी का प्रतिभा स्थापित किया गया हैं, इस गांव में कई वर्षों से चलते आ रहे है।एकजुटता होकर माता रानी को बैठाये हैं, समिति के सदस्य गणों ने सभी समस्त ग्राम वासियों को कुंवार नवरात्री की बंधाई व शुभकामनायें दी, समिति के सदस्य नगेंद्र चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, पन्ना चंद्राकर,उमेश चंद्राकर, पदमन चंद्राकर, विक्की चंद्राकर, विक्रम चंद्राकर,जागेश्वर चंद्राकर, केशव चंद्राकर, दिनेश, चंद्राकर,आदेश चंद्राकर,भागवत चंद्राकर, रोहित गुरुजी, झम्मन चंद्राकर, रूप चंद देवगन, भूपेश देवगन, ललित चंद्राकर ललित देशमुख ,राकेश चंद्राकर, राजा देशमुख मुकेश महाराज, जितेन्द्र चंद्राकर गिरधारी देवगन, युगल किशोर चंद्राकर घनश्याम बैगा, पांडु राम पंडा, भोजाराम देशमुख,अनीश देशमुख, लोमेश चंद्राकर, पीताम्बर देशमुख,गब्बर चंद्राकर, मां दुर्गा समिति का सदस्य गण का विषेश सहयोग रहा ।

## भूपेश पहुंचे कुसुमकसा, व्यापारी संघ ने किया भव्य स्वागत



**कुसुमकसा।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानपुर-मोहला की ओर से कुसुमकसा आगमन पर बस स्टैंड चौक पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, व्यापारी संघ और ग्रामीणों ने आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगे और सैकड़ों लोगों ने उन्हें पुष्पाहार भेंट किया। उनके साथ आए मानपुर-मोहला के विधायक इंदरशाह मंडावी का भी स्वागत किया गया।

- हायर सेकंडरी की टाप छात्रा को किया सम्मानित, ग्रामीणों ने अस्पताल के लिए सौंपा ज्ञापन

**छात्रा का सम्मान और स्वास्थ्य केंद्र की मांग:** भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, कुसुमकसा की 12वीं की छात्रा ग्रेसी साहू को छत्तीसगढ़ बोर्ड की हायर सेकंडरी परीक्षा 2025 में 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप 10 में स्थान बनाने पर सम्मानित किया। अनिल सुथार पूर्व जनपद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने 20 बिस्तराय स्वास्थ्य केंद्र स्थापना के लिए उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि भूपेश बघेल ने तीन साल पहले 19 सितम्बर को भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में इसकी घोषणा की थी और इसके लिए स्थल चयन व स्टाफ नियुक्ति जैसे कार्य भी शुरू हो गए थे। हालांकि सत्ता परिवर्तन के बाद वर्तमान भाजपा सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिस पर ग्रामीणों में रोष है।

भूपेश बघेल ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं के कार्यों पर अंकुश लगाने को आमजन के मूलभूत सुविधा के खिलाफ बताया और स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना को अमलीजामा पहनाने की पहल करने की मांग का समर्थन किया। इस मौके परर जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, कृष्णा दुबे, ग्राम पंचायत कुसुमकसा की सरपंच वेदबाईं पिस्दा समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा कांग्रेस सदस्य और व्यापारी उपस्थित थे।

## डॉ. डालचंद बने स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारी संघ का प्रांतीय चुनाव हुआ, जिसमें जामगांव आर निवासी डॉ. डालचंद जैन प्रांतीय मीडिया प्रभारी चुने गए। डॉ. डालचंद जैन ने बताया कि डॉ. अनुराग साहू, प्रांतीय अध्यक्ष एवं डॉ. इंद्र चंद्राकर सचिव निर्विरोध चुने गए। डॉ. भूपेश गेंडरे कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। चिकित्सकों के इस प्रांतीय संगठन के डॉ. योगेश पटेल संयोजक है।

मुख्य अधिकारी चुनाव अधिकारी डॉ. सौरभ शर्मा एवं चुनाव अधिकारी डॉ. अबरार, डॉ. एलएन चंद्राकर, डॉ. वेदप्रकाश साहू, डॉ. दीप्ति साहू की टीम ने बड़ी चुनाव संपन्न कराए और नवीन पदाधिकारियों को बधाई दी। पदाधिकारियों ने सहमति बनाते हुए कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र बंजारे, महासचिव डॉ. लिलेश गौतम, सहसचिव डॉ. ऋतुराज नेताम, सहसचिव डॉ. प्रीति इजारदार, रायपुर संभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गा कौशिक, बिलासपुर संभागाध्यक्ष डॉ. शरद कुर्रे, दुर्ग संभागाध्यक्ष डॉ. गौरव बघेल, बस्तर संभागाध्यक्ष डॉ. मनीष भारद्वाज, डॉ. सरगुजा संभागाध्यक्ष अमित उपाध्याय, संगठन सचिव डॉ. वीरेंद्र प्रजापति, मुख्य सलाहकार डॉ. देवकांत चतुर्वेदी, सलाहकार डॉ. शिल्पा कटारिया, सलाहकार डॉ नवनीत कौशिक, सलाहकार डॉ. संजीव अहिरवार उपस्थित थे।

मीडिया प्रभारी द्वय डॉ. डालचंद जैन, डॉ. अबरार कुरैशी, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य में डॉ. ऋषि मिश्रा, डॉ. राहुल कामिनी गुप्ता, डॉ. किरण गायकवाड़, डॉ. प्रकाश शेखर सिंह, डॉ. राजेंद्र पाल, डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. पंकज परते, डॉ. चंचला चंद्रवंशी, डॉ. पी चंद्रशेखर, डॉ. ओम प्रकाश मत्स्यपाल, डॉ. अरुण गुप्ता, डॉ. मुकेश साहू, दुर्गकोंडल डॉ. मुकेश साहू, सिमगा डॉ. सिकंदर सोनवानी शामिल किए। विदित हो कि इसके साथ ही सभी जिलाध्यक्ष भी कार्यकारिणी के सदस्य रहेंगे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक जग्गूराम को मिला साहित्य सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति, जिला इकाई बालोद द्वारा आयोजित एक समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक जग्गू राम साहू चैनगंज निवासी को स्व. कोदूराम दलित जन कवि पुण्य स्मृति साहित्य सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान रानी दुर्गावती दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन के मंच से प्रदान किया गया।

सम्मान प्राप्तकर्ता जग्गू राम साहू सेवानिवृत्ति के बाद भी साहित्य और कला में सक्रिय रूप से रुचि रखते हैं। वे विशेष रूप से रामलीला के मंचन में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं, साथ ही विभिन्न सामाजिक समरसता कार्यक्रमों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष केशव राम साहू, साहित्यकार डॉ. गीता विश्वकर्मा, डॉ. बुशरा परवीन, अनिल राय भारत, थानमल जैन, अशोक कुमार साहू, जलज ताम्रकार सहित अनेक पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि जैसे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के. राजू चंद्राकर, हरीश चावड़ा और गौतमचंद जैन उपस्थित थे। कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों ने माता दुर्गा की भक्ति, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी पर आधारित रचनाओं के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य और देशभक्ति की कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र व्दारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## ग्राम संगठन का अधिवेशन आयोजित

**तुमड़ीबोड़।** सांगिनकछार में ग्राम संगठन का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया। शुरुआत में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तत्पश्चात आय व्यय की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरपंच सुमरित वर्मा, ठाकुरराम वर्मा, परमेश्वर कंवर, चेकराम वर्मा, भुवनेश्वरी, शकुनबाई, कीर्तन चन्द्रवंशी, जितेन्द्र सिन्हा, पुरषोत्तम यादव, इंद्रकुमार साहू, विष्णु साहू, रामाधीन साहू, तिहारु सिन्हा, यामिनी साहू, तारणी वर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता वर्मा आदि उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

